हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

पुस्तक मित्र बनाएं, उससे प्रेरणा लेते रहें : सालिक
4



# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ प्रभारी मंत्री ने जिले में संचालित निर्माण कार्यों की ली समीक्षा बैठक

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिले में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस बैठक में प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में स्वीकृत, प्रगतिरत एवं अप्रारम्भ कार्यों की जानकारी सभी विभागों से ली।

उन्होंने जशपुर में पीएम जनमन योजनान्तर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए इन्हें प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूर वनांचलों में विकास करना शासन का लक्ष्य है, पीएम जनमन योजना, धरती आबा ग्राम उत्थान योजना द्वारा इन क्षेत्रों का समन्वयित विकास किया जाना है। योजनांन्तर्गत किये जा रहे कार्यों में कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और कर्मठता के साथ प्रत्येक कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आपस में चर्चा कर समन्वय के साथ काम करने की अपील भी की। उन्होंने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दनगरी जलप्रपात पहुंच मार्ग सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण कार्य कराने वाले विभागों की समीक्षा कर कहा कि जशपुर एक आदिम बहुल जिला होने के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का गृह जिला भी है इसे हमें एक मॉडल के रूप में विकसित ⏭ शेष पेज 4 पर


समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी।


प्रभारी मंत्री का स्वागत करते कलेक्टर व अन्य अधिकारी।

## प्रभारी मंत्री चौधरी के आगमन पर भव्य स्वागत

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी गुरूवार को एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंचे। उनके आगमन पर सर्किट हाउस परिसर में उन्हें पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विधायक और सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, पार्षदगण फैजान सरवर खान और देवधन नायक, उपेन्द्र यादव, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक और एसडीएम विश्वास राव मस्के शामिल रहे।


हरि झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना।

## मुफ्त बिजली योजना रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने गुरूवार को सर्किट हाउस परिसर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना की जानकारी देगा और इसके लाभों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कृष्ण कुमार राय, श्री ओम प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर रोहित व्यास, अधीक्षण यंत्री केवी मैथ्यू, कार्यपालन यंत्री जशपुर विनोद पंडित, कार्यपालन यंत्री कुनकुरी एसपी मरकाम, कार्यपालन यंत्री परियोजना मकेश्वर साय सहित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### पत्थलगांव में बनेगा मॉर्डन बस स्टैंड



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप नगर पालिका परिषद पत्थलगांव को आधुनिक बस स्टैंड निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपये की अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है।मुख्यमंत्री की घोषणा पूरी होने पर नगर वासियों ने उनका आभार जताया है। पत्थलगांव में बनेगा अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव वासियों को बड़ी सौगात दी है, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड में यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, टिकट काउंटर एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, साथ ही नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। यह सौगात मिलने पर पत्थलगांव क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष की लहर है। लंबे समय से यहाँ के लोग आधुनिक बस स्टैंड की मांग कर रहे थे। इसके निर्माण से यात्रियों को बेहतर सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही नगर के यातायात प्रबंधन में भी सुधार होगा।

### पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए प्रगति सभा



**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में प्रथम चरण में सर्वाधिक लंबित आवास वाले ग्राम पंचायतों में 8 सितंबर से प्रगति सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए समस्त ग्राम पंचायतों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रगति सभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों का उन्मुखीकरण एवं उनकी समस्याओं का तय समय सीमा में निराकरण करते हुए आवास को पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में कृषि कार्य एवं अत्यधिक बारिश के कारण हितग्राहियों को किस्त की राशि प्रदाय होने उपरांत कार्य बंद होने की स्थिति में अब गति देने की आवश्यकता है। इस हेतु 08 सितम्बर 2025 को प्रगति सभा का आयोजन किया गया। उक्त प्रगति सभा में संबंधित ग्राम पंचायतों के आवास नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सचिव,सरपंच, उपसरपंच, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, रोजगार सहायक, आवास मित्र, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य, स्थानीय मैटेरियल सप्लायर, राजमिस्त्री आदि के साथ-साथ जिले एवं जनपद स्तर के अधिकारी को भी शामिल होने हेतु निर्देश दिए गए है।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम सिहारबुड़, निवासी स्व. घासी राम का कुआं के पानी में डूबने से 04 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पुत्र ब्रिजकुमार सिदार एवं रोहित सिदार हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 9450.0 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 9450.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 11 सितम्बर तक की स्थिति में 9079.0 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 43.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1098.9 मिमी, मनोरा में 1177.5 मिमी, कुनकुरी में 1301.5 मिमी, दुलदुला में 590.9 मिमी, फरसाबहार में रिकार्ड की गई है।

## फिर संकीर्ण पुलिया बनी दुर्घटना का कारण

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

लगातार हो रहे सड़क हादसों में इजाफा हो रहा है.इन सड़कों पर बेख़ौफ़ होकर चल रही वाहनों पर लगाम लगाने के बाद भी सफलता नही मिल रही हैं.फिर एक बार सड़क हादसे में एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार कोतबा से लैलूंगा जाने वाली मुख्यमार्ग भेलवागोडा के पास बने संकीर्ण पुलिया पर घटित हुआ.बताया जा रहा है कि कोतबा और से अपनी मोटरसाइकिल में मृतक चमरुराम मांझी उम्र 45 वर्ष व साथी अनिल मिंज अपने घर ढलाई करने के लिए गिट्टी खदान कार्रबेवरा जा रहे थे.इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी.इस घटना में चालक अनिल मिंज को मामूली चोटें आई है.लेकिन पीछे बैठे मृतक चमरुराम के दोनों पैर बुरी तरह चकनाचूर हो गये.मृतक और घायल तुमला थाना क्षेत्र के भेलवा पंचायत के रहने वाले बताये जा रहें है। घटना के बाद आनन-फानन में दोनों लोगो को कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां एक कि मृत्यु हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मुख्य मार्ग पर बने पुलिया पुराने जमाने के हैं. पूर्व में बने नये सड़क निर्माण के दौरान उसे नही बनाया गया बल्कि रिपेयरिंग कर छोड़ दिया गया था.इसी कारण वहां आये दिन हादसे होते रहते हैं।लोगों ने उक्त पुलिया को तत्काल बनाये जाने की मांग की है ताकि आये दिन अपघटित घटनाओं से बचा जा सके।कोतबा पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की पतासाजी की जा रही है.जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।


घटना स्थल पर अधेड़ की लाश।

# कुनकुरी नपं अध्यक्ष के खिलाफ अग्रवाल समाज का फूटा गुस्सा

■ पुतला दहन कर एफआईआर दर्ज करने की मांग

**जशपुरनगर।** कुनकुरी के कांग्रेसी नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील की आपत्तिजनक फेसबुक पोस्ट से अग्रवाल समाज का आक्रोश फूटा है। गुरुवार को समाज के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और जय स्तम्भ चौक पर विनयशील का पुतला दहन किया व नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद आक्रोशित समाज ने रैली की शक्ल में कुनकुरी थाना पहुंचे और थाना प्रभारी को आवेदन सौंपते हुए विनयशील के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।


रैली निकालकर थाना जाते अग्रवाल समाज के सदस्य।

समाज की प्रतिष्ठा धूमिल करने एवं जातीय द्वेष फैलाने वाला बयान

अग्रवाल सभा कुनकुरी के अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मुरारीलाल अग्रवाल, राधेश्याम जिंदल और बृजभूषण अग्रवाल ने आवेदन में कहा कि विनयशील ने फेसबुक पर भड़काऊ और अमर्यादित पोस्ट लिखी। पोस्ट में उन्होंने लिखा बीजेपी के लिए एक अग्रवाल की जान की कीमत 50 लाख है ⏭ शेष पेज 4 पर

# जीएसटी सुधार से कम होगी महंगाई, सभी को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ सीजीएकआईडीसी के अध्यक्ष ने ली प्रेस कांफ्रेंस

जीएसटी स्लैब में सुधार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले के प्राचीर से की गई घोषणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी की है। केंद्र सरकार के इस कदम से आम जनता को ना केवल महंगाई से बड़ी राहत मिलेगी अपितु उनके जेब में बचत के पैसे आने से बाजार में भी रौनक आएगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट इंडसट्रियल डेव्लपमेंट कार्पोरेशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने यह बातें कहीं। वे जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि जीएसटी में किये गए सुधार आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार ने रोजमर्रा प्रयोग होने वाले टुथपेस्ट,साबून,सौंदर्य प्रसाधन सामग्री,कापी,पेन,पेंसील जैसी वस्तुओं पर जीएसटी को जीरो से पांच प्रतिशत तक कम कर दिया हैं। इससे आम लोगों का बजट कम होगा और उनकी बचत बढ़ेगी। अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के इस कदम से किसानों को भी लाभ मिलेगा। इस सुधार में ट्रेक्टर,टायर और फर्टीलाईजर में लगने वाले जीएसटी को कम किया गया है। इससे किसानों को फसल की लागत कम करने में मदद मिलेगी। जिसका सीधा असर आने वाले दिनों में बाजार में अनाज की कीमतों पर पड़ेगा। मिडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होनें कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी स्लैब की संख्या तीन से घटा कर दो कर दिया है। इससे व्यापारियों व उद्योगपतियों के लिए जीएसटी का रिकार्ड मेंटेन करना आसान होगा। कॉन्फ्रेंस में पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, जिला महामंत्री द्वय मुकेश शर्मा एवं मनीष अग्रवाल, जिला मंत्री संतोष सिंह, जिला मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान, कार्यलय प्रभारी शरद चौरसिया, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सोनी, सतीश गोस्वामी, राहुल गुप्ता उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद नाबालिग

**जशपुरनगर।** जिले के थाना बगीचा क्षेत्र से गुम हुई 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची की बरामदगी ने न केवल परिजनों की चिंता को समाप्त किया बल्कि जिले के लोगों में पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता को लेकर विश्वास भी बढ़ाया। पुलिस की विशेष टीम द्वारा संचालित "ऑपरेशन मुस्कान"के तहत बच्ची को उत्तर प्रदेश के ग्राम अर्दा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

मिली जानकारी के अनुसार मामला 17 अगस्त की शाम का है। प्रार्थी ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 14 वर्षीय बहन खाना खाकर आरोपी चंद्रमुनि बाई के घर सोने के लिए गई थी। अगले दिन तक बालिका घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने जब आरोपिया के घर जाकर पूछा तो पता चला कि वहां न तो बच्ची है और न ही आरोपी। इस पर परिवार ने तुरंत पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।


आरोपी महिला पुलिस गिरफ्त में।

■ आपरेशन मुस्कान से परिजन के चेहरे पर लौटी मुस्कान

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

गुम बच्चों के मामले में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने तुरंत विशेष टीम का गठन किया। टीम में शामिल थे थाना प्रभारी निरीक्षक संतलाल आयाम, सहायक उप निरीक्षक उमेश प्रभाकर, महिला प्रधान आरक्षक पुन्नी यादव, और आरक्षक श्याम सुंदर भगत। टीम ने मुखबिरी तंत्र, तकनीकी साधन और परिजनों के सहयोग से खोजबीन शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी महिला ने बालिका को बहला-फुसला कर अपने साथ उत्तर प्रदेश ले गई है। तकनीकी जांच और मुखबिरी से यह जानकारी मिली कि आरोपी चंद्रमुनि बाई (उम्र 30 वर्ष) उत्तर प्रदेश के ग्राम अर्दा, थाना रुधौरी, जिला बस्ती में एक फार्म हाउस में काम कर रही है। उसके साथ नाबालिग बच्ची भी मौजूद थी।

### सकुशल हुई बरामदगी

पुलिस टीम ने तुरंत उत्तर प्रदेश रवाना होकर आरोपी को हिरासत में लिया और बालिका को सकुशल बरामद किया। बालिका के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। इसके बाद बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### ऑपरेशन मुस्कान निरंतर जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस गुम बच्चों के मामलों में अत्यंत संवेदनशील है। थाना बगीचा क्षेत्र से गुम हुई नाबालिग बच्ची को उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। ऑपरेशन मुस्कान निरंतर जारी है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के थाना बगीचा क्षेत्र में एक विधवा महिला के साथ लंबे समय तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा। इस मामले ने महिला सुरक्षा और संवेदनशीलता पर नए प्रश्न खड़े किए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार 9 सिंतबर को थाना बगीचा में 40 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताई कि वह तीन बच्चों की मां है और उसके पति का निधन वर्ष 2021 में हो गया था। पति की मृत्यु के छह माह बाद ही आरोपी राम किशुन राम उम्र 27 वर्ष उसके घर में घुसा और शादी का झांसा देते हुए उसके बच्चों का पालन-पोषण करने का वादा करते हुए उसका दैहिक शोषण कर रहा था। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने यह झांसा देकर लगातार उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान महिला गर्भवती भी हो गई। आरोपी ने मई 2025 में किसी और लड़की से शादी कर ली और पीड़िता को पत्नी बनाने से साफ इंकार कर दिया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

■ आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पीड़िता के रिपोर्ट के बाद थाना बगीचा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 366, 376(2-एन) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। जांच में आरोपी ने अपने अपराधों को स्वीकार किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## हड़ताल के 25वें दिन चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था

# वित्त मंत्री से मिले कर्मचारी, जल्द मांगें पूरी करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 25वें दिन में प्रवेश कर गई। हड़ताल के चलते जिले सहित पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित हैं। टीकाकरण, टीबी-कुष्ठ जांच, पोषण पुनर्वास, महामारी नियंत्रण, गैर-संचारी रोग उपचार जैसी योजनाएं तथा प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलने वाली बुनियादी सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। जिले के 845 कर्मचारी और प्रदेश भर के 16 हज़ार से अधिक एनएचएम कर्मी 18 अगस्त से नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्य संस्थाएं वर्षों से एनएचएम कर्मचारियों पर ही निर्भर रही हैं, इसलिए आमजनों को अब उपचार के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीण अंचलों में स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है।


गीत गाकर विरोध जताते एनएचएन महिला कर्मचारी।

**स्थगित हुई मनोकामना यात्रा:** गुरूवार को प्रस्तावित कर्मचारियों की मनोकामना यात्रा सुरक्षा कारणों और पुलिस बल की व्यस्तता के चलते स्थगित कर दी गई। संघ ने बताया कि अब यह यात्रा कल "वादों की बारात"कार्यक्रम के साथ भव्य रूप में निकाली जाएगी।

### सांस्कृतिक ढंग से जताया विरोध

धरना स्थल पर आज कर्मचारियों ने अपने आंदोलन को पारंपरिक और कलात्मक रूप दिया। माता के जश-गीत, विरोध कविताएं, एकता का संदेश देने वाले नाट्य-नृत्य और गीतों के माध्यम से उन्होंने शासन तक अपनी बात पहुँचाने की कोशिश की।

### वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नगर आगमन पर एनएचएम संघ के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने कहा कि "मोदी गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा किया जाएगा और आपकी मांगों पर गंभीरता से विचार हो रहा है।"

# जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बासनताला की छात्राओं ने लहराया परचम



**जशपुरनगर।** जिला स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दोनों वर्ग (अंडर-17 व अंडर-19) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन कांसाबेल में हुआ, जिसमें जशपुर जिले के आठ विकासखंडों के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की टीमें शामिल हुई थीं। व्यायाम अनुदेशक मायाराम कुजूर के मार्गदर्शन में बासनताला की बालिका खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और जुझारूपन का परिचय देते हुए सभी मुकाबलों पर जीत दर्ज की। जिला स्तर पर सम्मानित विजेता टीमों का विद्यालय लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। प्राचार्य विनय प्रभा खलखो, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान सहित शिक्षकों ने खिलाड़ियों व अनुदेशक को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और प्रशिक्षक के मार्गदर्शन का नतीजा है। विजेता खिलाड़ी अंडर-17 बालिका टीमः खुशबू बाई, रिया भगत, शिवानी भगत, रामकुमारी हसदा, मोनिका कुजूर, प्रेमिका बाई अंडर-19 बालिका टीमः चंद्रिका बाई, नेहा कुजूर, देवनंदिनी बाई, दिव्यारोष खाखा, तेजवंती बाई, गायत्री महतो इन बालिकाओं की जीत ने न केवल विद्यालय बासनताला बल्कि पूरे कुनकुरी विकासखंड का नाम रोशन किया है।

## खबर संक्षेप



### समाज सेवा के क्षेत्र में जन चेतना कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे बने प्रेरणास्रोत

**रामानुजगंज।** समाज सेवा को अपना उद्देश्य बनाकर निस्वार्थ रूप से कार्य कर रहे जन चेतना कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे आज समूचे क्षेत्र में एक प्रेरणा स्रोत बन गए है। श्री दुबे वर्षों से समाज के वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भीषण ठंड में सड़कों पर ठिठुरते लोगों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने का अभियान शुरू किया और हर साल जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उन्हें कंबल, स्वेटर, टोपी जैसे गरम कपड़े बांटते हैं। इसके अलावा उन बच्चों की भी मदद करते हैं जिनके पैरों में पहनने के लिए चप्पल तक नहीं होती। ऐसे बच्चों की पहचान कर चप्पल, जूते, कपड़े और पाठ्य सामग्री की व्यवस्था कराते हैं ताकि कोई बच्चा सिर्फ अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उनके कार्यों से प्रभावित होकर समाज के कई युवाओं ने भी जन चेतना कल्याण मंच से जुड़कर सेवा कार्यों में भाग लेना शुरू कर दिया है। श्री दुबे का मानना है कि सच्ची सेवा वही है जो निस्वार्थ हो और हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए।

### शिक्षा गुणवत्ता को लेकर हुई शिक्षा समिति की बैठक



**धौरपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थायी शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों के बेहतर एवं सुचारू संचालन तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर एकल शिक्षक विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था, शाला संचालन, भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया, पेंशन प्रकरण, मध्यान्ह भोजन योजना तथा अन्य संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया गया कि स्थायी शिक्षा समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करना, शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करना तथा विद्यार्थियों के हितार्थ शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का समय पर लाभ सुनिश्चित करना है। बैठक में श्रीमती कंचन जायसवाल, श्रीमती रीना मिंज, राजेश सोनी, श्रीमती कुसुम, मो. हलीम फिरदौसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति हब अंतर्गत शासकीय स्कूल सिल्फीली में चला विशेष जागरूकता अभियान



**बिश्रामपुर।** जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र हब महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर द्वारा शासन की योजना संकल्प अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिलफिली चलाया गया,जहां पर महिला सशक्तिकरण हब मिशन शक्ति अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक शारदा सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका भ्रूण हत्या,बाल विवाह,घरेलु हिंसा,सखी वन स्टाप सेंटर टोल फ्री नंबर 181,1098 एवं किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की, साथ ही पोषण माह अंतर्गत किशोर बालिकाओं का सभी प्रकार के पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों की जानकारी दी गई,साथ ही व्यक्तिगत सुरक्षा,नशे से दूरी से संबंधित जानकारी प्रदान कर बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढाई में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया,बढ़ते हुए साइबर क्राइम के बारे में भी बालिकाओं को अवगत कराकर सतर्क रहने की समझाइश दी गई,इस दौरान यूनिसेफ समन्वयक हितेश निर्मलकर ने भी बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

### बाजार से चोरों ने पार किया युवक का बाइक

**अम्बिकापुर।** राकेश चंद राजवाड़े आ. बोल साय (35 वर्ष) मंगलवार की सुबह बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 4309 से कंपनी बाजार सब्जी खरीदने गया था। युवक बाइक को बाजार परिसर में खड़ा कर खरीदारी करने लगा और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## सड़क के गड्ढों पर डाली जा रही मिट्टी, स्थानीय लोगों में आक्रोश

# एनएच 343 जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाने बरती जा रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

बारिश के बाद से एनएच 343 सड़क की हालत न सिर्फ काफी दयनीय हो गई है बल्कि लोगों का आवागमन करना कठिन हो गया है। हालांकि सड़क मरम्मत के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत हुई है और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू होगी। लेकिन विभाग द्वारा जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाने लापरवाही बरती जा रही है। सड़क के गड्ढों पर गिट्टी, डस्ट की जगह मिट्टी पाट खानापूर्ति की जा रही है जिससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।

**खास बात**

- 3 करोड़ की लागत से होगी सड़क मरम्मत

रामानुजगंज से बलरामपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के निर्माण कार्य की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। निर्माण कार्य से पहले सड़क को यातायात योग्य बनाए रखने के लिए शासन द्वारा करीब 3 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है जिससे आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा सके। वर्तमान में सड़क के काफी जर्जर और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से यात्री बस सहित छोटे वाहन एवं बाइक स्कूटी से आवागमन करना काफी कठिन हो गया है। ऐसे में सड़क मरम्मत से पूर्व जर्जर सड़क को यातायात योग्य बनाने गड्ढों को पाटा जा रहा है। इस मरम्मत में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। गड्ढे में गिट्टी व डस्ट भरने के बजाय सिर्फ मिट्टी का उपयोग कर पाटा जा रहा है, जो अस्थायी और अव्यवस्थित समाधान है। ऐसे में हल्की बारिश होने के बाद ही यह मिट्टी बह जाती है, जिससे सड़क की स्थिति पहले जैसी हो जाती है और गड्ढे फिर से उभर आते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।



गड्ढों में भरे गए मिट्टी।

**समस्या से करा चुके है अवगत**

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मुद्दे को कई बार मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों के सामने उठाया गया। परंतु मरम्मत कार्य की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हो रहा। गड्ढों को भरने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है जिससे लोग परेशान हैं।

**हो चुकी है कई दुर्घटना**

बारिश के बाद से एनएच 343 सड़क के काफी जर्जर हो जाने से आए दिन दुर्घटनाएं होती है। कुछ दिनों के भीतर हुई दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद गड्ढे में पानी जमा हो जाने के कारण राहगीरों को पता नहीं चलता है कि कहां गड्ढा है कहां नहीं। ऐसे में सड़क को समतल समझ बाइक सवार गड्ढे में चले जाते है जिससे दुर्घटना होती है।

**गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग**

राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर इस प्रकार की लापरवाही से लोगों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों की मांग है कि मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि निर्माण कार्य शुरू होने तक सड़क सुरक्षित और यातायात योग्य बनी रहे।



## नगर के स्नेह मिलन हॉल स्थित बैडमिंटन कोर्ट में लगाया जाएगा मैट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

खेल प्रेमियों की वर्षों पुरानी मांग क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा पूरी किए जाने के आश्वासन पर क्षेत्रीय खिलाड़ियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर है,गौरतलब है कि नगर के स्नेह मिलन हॉल स्थित बैडमिंटन कोर्ट में लंबे से खिलाड़ियों को मैट की समस्या से जूझने विवश होना पड़ रहा था,जहां अब जल्द ही मैट बिछाए जाने की बात कही जा रही है,खिलाड़ियों ने इस सुविधा के लिए लंबे समय से सक्रिय रहकर संघर्ष किया और अब क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने उनकी मांग को स्वीकृति प्रदान कर दी है,ज्ञात हो कि बैडमिंटन कोर्ट का फर्श काफी वर्ष पुराना होने से जर्जर अवस्था में है,खेल प्रेमी राजेश जैन ने बताया कि पुराने बैडमिंटन कोर्ट में हर अभ्यास के दौरान चोट का खतरा बना रहता है, कई बार फिसलने और गिरने से खिलाड़ियों को चोटें भी आईं हैं, इन सब के बावजूद खेल का जुनून था कि वे रोज अभ्यास के लिए पहुंचते रहे,लेकिन भीतर से सभी को इस बात की चिंता थी कि अगर समय रहते व्यवस्था नहीं हुई,तो स्थानीय स्तर की प्रतिभाएं दब जाएंगी,इस समस्या के समाधान के लिए खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से क्षेत्रीय महाप्रबंधक को आवेदन देकर कोर्ट में मैट लगाने की मांग की,खिलाड़ियों के परेशानी के मद्देनजर जीएम ने तत्काल इसे स्वीकृत कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं,यह खबर मिलते ही खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर बनी है,खेल प्रेमियों का कहना है कि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के प्रयासों से न सिर्फ खेल,बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा,इस निर्णय पर खिलाड़ियों ने जीएम का आभार जताया है, भेंट करने वालों में खेल प्रेमी राजेश जैन, चरणजीत सिंह, अमन अग्रवाल समेत अन्य खेल प्रेमी शामिल रहे।

- खेल प्रेमियों के आग्रह पर महाप्रबंधक ने दी स्वीकृति

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर : मेजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, रेट में सुधार करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। उक्त बातें भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल सिंह मेजर ने कही।

उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब भारतीय अर्थव्यवस्था लोगों के लिए राम राज्य लाने वाला साबित होगा। श्री मेजर ने कहा कि नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएं, ट्रैक्टर व उसके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। इसका लाभ वस्त्र उद्योग को, विशेष रूप से निर्यात के लिए, होगा। हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगी, विरासत को संरक्षित करेंगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। यह सुधार किसानों के जीवन में भी आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा और यह किसान के लिए कम लागत के साथ सक्षम कृषि में सहायक होगी। देश को विकसित बनाने के इस यज्ञ में विपक्ष द्वारा दोहरी राजनीति करना दुखद है। विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार की इसका अमेरिकी टैरिफ से कोई सम्बंध है, निहायत ही बचकाना और झूठ है। जीएसटी में एक देश एक कर प्रणाली लाने का काम किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, चंद्रमणि पैकरा, शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, मुकेश गर्ग, संत सिंह, दीपक गुप्ता, राजेश्वर तिवारी, रितेश जायसवाल, लीलू गुप्ता, कपिल पांडेय, मनमत बछड़, रामानन्द जायसवाल, पवन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्राद्धपक्ष पर तुलसी साहित्य समिति की सरस काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

श्रद्धपक्ष पर तुलसी साहित्य समिति ने पं.रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह, शायर-ए-शहर यादव विकास, सच्चिदानंद पाण्डेय देवेन्द्रनाथ दुबे और एसपी जायसवाल के आतिथ्य में केशरवानी भवन में काव्यगोष्ठी की।

गोष्ठी में तुलसीकृत रामचरितमानस और एसपी जायसवाल सृजित सरगुजिहा रामायण का पाठ किया गया। पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने पितरों का श्राद्ध करना चाहिए। श्राद्ध में माता-पिता की तीन पीढ़ियां शामिल होती हैं, जिन्हें जल और भोज्य पदार्थ देकर संतुष्ट करना होता है। वरिष्ठ विचारक ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि धर्मनाश होने से संपूर्ण कुल में पाप फैल जाता है और पाप के अधिक बढ़ जाने से कुल की स्त्रियां अत्यंत दूषित हो जाती है और इससे वर्णसंकर उत्पन्न होता है। यह वर्णसंकर कुल को नरक में ले जाता है। प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह अपने पूर्वजो का तर्पण और श्राद्ध करे। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष शायर मुकुंदलाल साहू ने वंशज पूर्वज का करें, भीतर से सम्मान, माधुरी जायसवाल ने पितरों तुमको है नमन, प्रताप पाण्डेय ने जिन्होंने दिया स्नेह और मार्गदर्शन रचना सुनाई। आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर और जय गुप्त ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। एसजी जायसवाल ने धरती कर महिमा कर करथों बखान, रामलाल विश्वकर्मा ने खुशगवार जिंदगी होते खराब देखा है, देवेन्द्रनाथ दुबे ने बने झील-से दर्द सारे आंसू बनकर झरते तारे, चंद्रभूषण मिश्र ने परदे में ऐ परदानशीं इतराना सीख, कृष्णकांत पाठक ने पूछा किसी ने मुझसे कि स्वर्ग है कहा पर , गीता दुबे ने आभार से भरा मन गणपति एवं शायर-ए-शहर यादव विकास आपका परदा उठाना हो गया, आज मौसम आशिकाना हो गया रचना सुनाई। इस दौरान मनीला गुप्ता, केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, लीला यादव, हरिशंकर प्रसाद उपस्थित थे।



काव्यगोष्ठी में शामिल कवी।

## प्रशासन एवं व्यापारी संघ की हुई बैठक यातायात व्यवस्था को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में स्थानीय प्रशासन एसडीएम व व्यापारी संघ की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ललिता भगत, पुलिस एसडीओपी अनूप एक्का, नगर पंचायत सीएमओ यूसीफ्रिया एक्का ने कहा कि नगर में ट्रैफिक सुविधा बेहाल है। जगह-जगह यातायात बाधित होता है, वाहनों को जहां मन वहां खड़ा कर दिया जाता है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। दुकानदार सड़क तक दुकानों के समान को निकाल देते हैं जिसके वजह से दिक्कत होता है।

दुकानों के सामने जगह नहीं होने के कारण लोग अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देते हैं। तेज रफ्तार वाहन, साइलेंसर बुलेट वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने भी इस विषय में सुझाव बताया। आने वाले त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन ने व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु यह बैठक रखी। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि नगर में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा होता है जिससे पूरा मार्ग बाधित हो जाता है। नगर पंचायत द्वारा कोई पहल नहीं किए जा रहे है। प्रतापपुर मुख्य मार्ग से बड़े वाहनों का दिन में प्रवेश कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधित है उसके बावजूद भी भारी वाहन मार्ग में गुजर रहे हैं जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही साफ सफाई सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीओपी ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने या वाहनों को इधर-उधर खड़ा करने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंधित क्षेत्र से ट्रक सहित भारी वाहन आने पर जब्ती कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, कोषाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, संरक्षक नवीन जायसवाल, सचिव विनोद जायसवाल, उपाध्यक्ष पप्पू हाशमी, हरिशंकर गर्ग, जितेंद्र कश्यप, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, आजाद कुरेशी, अंकुर जायसवाल, थाना प्रभारी अमित कौशिक,सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





## रोशन लाल चुने गए सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष

**बलरामपुर।** जिले में सर्राफा एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। छग सर्राफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी व प्रदेश महासचिव प्रकाश गोलछा के निर्देश पर जिला प्रमुख राजेश सोनी के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक के दौरान राजेश सोनी ने सर्राफा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष के पद हेतु निर्वाचन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से सुनीता ज्वेलर्स के संचालक रोशन लाल मणि को जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिला सर्राफा एसोसिएशन में संरक्षक मंडल अजय सोनी, रामचंद्र सोनी, दीपक कुमार, उपाध्यक्ष रंजन सोनी, सचिव ओम प्रकाश सोनी, कोषाध्यक्ष प्रवीण सोनी, सहसचिव श्रावण सोनी, मीडिया प्रभारी विवेक सोनी, सह मीडिया प्रभारी पीयूष सोनी को घोषित किया गया। इस दौरान रतन सोनी, कौशिक सोनी, संजय सोनी, विजय सोनी, गंगा सोनी, सुभाष सोनी, देबाशीष माना, राजू सोनी सहित अन्य अन्य उपस्थित थे।

### राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदन का किया गया निराकरण

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर ओड़गी विकासखंड के ग्राम पंचायत धरसेड़ी के पंचायत भवन में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, वन एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के 40 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनका मौके पर पटवारी प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित आवेदकों को प्रदान किया गया। इसके अलावा वन अधिकार किसान किताब, श्रम विभाग से संबंधित तथा वन अधिकार पत्र के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही ऑनलाइन त्रुटि सुधार हेतु 4 आवेदन भी प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यकतानुसार कार्रवाई की गई। शिविर 10 से 17 सितंबर तक प्रतिदिन 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में ग्रामीणों की राजस्व एवं भूमि संबंधी समस्याओं जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र आदि का निराकरण किया जा रहा है।



### रजत महोत्सव के तहत साई बाबा कॉलेज ने निकाली साक्षरता रैली

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में मंगलवार को रजत महोत्सव 2025 पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय प्रांगण से साक्षरता रैली निकाली गयी। रैली को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है और सभी को साक्षर बनाना हमारा कर्तव्य है। आपकी जिम्मेदारी है कि अपने आसपास के लोगों को साक्षर बनायें। उन्होंने सभी को साक्षरता की शपथ दिलायी। हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया जो डिगमा, गांधीनगर होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में पहुंची। रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर युवा गतिविधि क्लब के तत्वाधान में विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण और सेमिनार प्रतियोगिता आयोजित हुई। सेमिनार में विकसित भारत 2047 और विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लिए सुझाव और कार्ययोजना बतायी गई। प्रतियोगिता में 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका सहायक प्राध्यापक शैली सिन्हा, सगुफ्ता नाज, स्वाती शर्मा ने निभाई।

## नवनियुक्त अध्यक्षों का भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/उदयपुर

भाजपा मंडल रामगढ़ में नव नियुक्त अध्यक्ष छग आदिवासी एवं औषधि पादप बोर्ड विकास मरकाम एवं नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा सत्यनारायण सिंह का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर रामगढ़ एवं देवगढ़ मण्डल के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रबोध सिंह, अखंड विधायक सिंह, अनिल सिंह, चंद्र बसु यादव, संतोष जायसवाल, कमलेश जायसवाल, दिनेश यादव, त्रिलोचन सिंह, श्याम लाल जायसवाल, बुद्ध मोहन सिंह, सरस्वती सिंह, प्रमिला पोर्ते, मनबोध मरकाम, अर्जुन सिंह, डालेश्वर यादव, मुन्ना सिंह, कैलाश सिंह, रमेश यादव, शुभम भदोरिया, विजय यादव, दीपक सिंघल, संजय यादव, मणि दास, आकाश जायसवाल, बिट्टू सिंह, पप्पू कश्यप, प्रमोद जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



## वरिष्ठ नागरिक संघ ने ग्राम केतका में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्राम केतका में मंगलवार को जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ नागरिक संघ संयोजक लालचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, मधुमेह, रक्तचाप एवं मौसमी बीमारियों की जांच एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से 70 वर्ष अधिक आयु वाले व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की गई।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह ने वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मुझे ऐसा नहीं लगता कि आप लोग वरिष्ठ है बल्कि आप लोग युवा के समकक्ष लगते है। संघ के संयोजक लालचन्द अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि सूरजपुर वरिष्ठ नागरिक संघ के द्वारा विगत 5 वर्षों से जिला अस्पताल में मरीजों के परिजन के सुबह का निःशुल्क नाश्ता वितरण, ठंड में जिले के 6 विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में कंबल, साड़ियां, बच्चों के कपड़े, साल-स्वेटर का वितरण, गर्मी में नगर के विभिन्न सार्वजनिक इलाको में शीतल पेयजल की व्यवस्था करता रहा है। संघ द्वारा वर्षा ऋतु में पौधरोपण का कार्य किया जाता है। डॉ. अनिल शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए वरिष्ठ नागरिक संघ से काफी लम्बे समय से जुड़े होने की बात कही साथ ही वरिष्ठ नागरिक संघ को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।



# नवाजुद्दीन ने ब्लाइंड बाबू की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी अगली फिल्म 'ब्लाइंड बाबू' के लिए फिल्म निर्माता रवि वर्मा के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इस पोस्ट में पूरी टीम भी एक ग्रुप फोटो में दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है, 'अब बम फटेगा या कुछ और? उस अराजकता के लिए तैयार हो जाइए जो आपको रहस्य और डार्क कॉमेडी के साथ बांधे रखेगी... ब्लाइंड बाबू की यात्रा शुरू।'

## लाइफ Style



# दीपिका

## बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तेयार किया। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

दीपिका पादुकोण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एटली की अगली फिल्म में वे नजर आएंगी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है और अस्थाई तौर पर इसे 'एए22एक्सए6' कहा जा रहा है। मेकर्स ने एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था, जिसमें दीपिका पादुकोण को तलवारबाजी करते देखा जा रहा था। इससे साफ हो गया है कि अभिनेत्री इस फिल्म में एक्शन अवतार में दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# सौतेले बच्चों के संग मजबूत है रिश्ता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की फेमस सिंगर जेनिफर लोपेज एक बार फिर चर्चा में हैं। वो अपने पति से तलाक ले चुकी हैं, लेकिन बेन एफ्लेक के बेटे के साथ उनका रिश्ता अभी भी मजबूत है। वो दोनों शॉपिंग करते हुए नजर आए। उनकी फोटोज वायरल हो रही है। मालूम हो कि बेन ने जेनिफर गार्डनर से भी शादी की थी। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक को दो साल की शादी के बाद अलग हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है। अपने रिश्ते के खत्म होने के बावजूद सिंगर की अपने एक्स हसबैंड के बच्चों के साथ अच्छी बॉन्डिंग है।




# मुझे लगा मैं कई साल से एक दायरे में बंधा रहा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ड्वेन जॉनसन को दुनिया 'द रॉक' के नाम से जानती है। अपनी पहाड़ जैसी कद-काठी और जबरदस्त बॉडी वाले ड्वेन ने बीते सबको चौंका दिया। अपकमिंग फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के प्रीमियर पर एक्टर के नए दुबले-पतले लुक को देखकर हर कोई दंग रह गया। एक्टर ने अपने अब तक के कॅरियर में निभाए गए किरदारों और 'चिकन मैन' के रूप में अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर कहा, 'मुझे लगा कि कुछ साल तक मैं एक ही दायरे में बंधा रहा। मैंने इसे होने दिया। मैंने पहले जो फिल्में बनाई थीं, मुझे वे बहुत पसंद हैं। मैं उन्हें फिर से बनाऊंगा। लेकिन, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे फिर से वैसा ही रूप बदलने का मौका मिलेगा जैसा 'मैं स्मैशिंग मशीन' में कर पाया था, क्योंकि इसका मतलब है कि मुझे कम चिकन खाना होगा।'



# बेटी के लिए कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

**मुंबई।** आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। आलिया ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे। आलिया भट्ट आगे कहती हैं, कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं। आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल ए 'अल्फा' कर रही हैं।




# कॉमेडी के साथ दिखेगी किसानों की कहानी

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। 3 मिनट 5 सेकंड के इस ट्रेलर में किसानों का दर्द दिखाया गया है। इस बार कहानी किसानों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक बड़ा आदमी है, जो किसानों की जमीन हड़प रहा है। दूसरी ओर छोटे किसान हैं, जो अपनी जमीन बचाने के लिए जॉली के पास पहुंचते हैं। पहले जहां किसान अक्षय कुमार के पास पहुंचते हैं, वहीं बाद में गेम पलट जाता है। ट्रेलर देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि जॉली 1 यानी अरशद वारसी जहां किसानों का केस लड़ रहे हैं और किसानों के वकील हैं। वहीं, अक्षय कुमार उस बड़े आदमी यानी गजराज राव के वकील हैं।

## टीवी मसाला



# टॉक शो टू मच 25 सितंबर को होगा शुरू

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना एक नया टॉक शो लेकर आ रही हैं। नाम है 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। यह नया टॉक शो आगामी 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। शो की स्ट्रीमिंग डेट के बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। काजोल और ट्विंकल के इस टॉक शो को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस शो में सेलेब्स गेस्ट होंगे, जिनसे ये दोनों अभिनेत्रियां बात करेंगी और सवाल करेंगी। हालांकि, अभी तक गेस्ट्स को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बीच में ऐसी चर्चाएं चली थीं कि ट्विंकल-काजोल के शो के पहले गेस्ट सलमान खान और आमिर खान हो सकते हैं। हालांकि, ये अभी तक कंफर्म नहीं है। इसके अलावा शो में करण जौहर, जान्हवी कपूर, अक्षय कुमार और अजय देवगन के भी शामिल होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी नाम की कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। इस टॉक शो से इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल हाल ही में ओटीटी पर आई फिल्म सरजमीं में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ इब्राहिम अली खान और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'मां' फिल्म में भी नजर आई थीं। ये एक हॉरर फिल्म थी। वहीं ट्विंकल खन्ना फिल्मों से दूर है। वो एक लेखक के तौर पर काम करती हैं।

## 20-20 कॉल करके मुझे फिल्मों से निकाला



**नई दिल्ली।** बीते दिनों कुनिका सदानंद ने तान्या मित्तल की परवरिश पर टिप्पणी की थी। बिग बॉस 19 के नवीनतम एपिसोड में सिंगर अमाल मलिक ने कुनिका वाले विवाद पर अपने साथी घरवालों के साथ बैठकर बात की। साथ ही बताया कि कैसे उनकी ईमानदारी और स्पष्ट स्वभाव ने अक्सर इंडस्ट्री में उनके खिलाफ काम किया। उन्होंने खुलासा किया कि कई बार ताकतवर लोगों ने उन्हें बॉलीवुड से बाहर करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने संगीत के जरिए मजबूती से वापसी की। अमाल मलिक ने अपने साथी कंटेस्टेंट से कहा, 'देखो भाई, पहली बार मुझे इस शो में आके बुरा लग रहा है, क्योंकि मुझे एक खास तरीका बताया गया है। बड़े आए बड़े गए। बहुत बोला, कहां है कि खतम कर देंगे तुम्हें, देखते हैं कहां तक चलोगे इस इंडस्ट्री में। 20-20 कॉल करके बड़े-बड़े एक्टर्स प्रोड्यूसर्स ने फिल्मों से निकाला है, फिर भी यहीं खड़ा हूं और कल फिर हिट दूंगा। फिर आएंगे भाई गाना दे दो।'

# रेखा की मां ने पाकिस्तानी क्रिकेटर संग बुने थे बेटी की शादी के ख्वाब

**नई दिल्ली।** रेखा बचपन से ही फिल्मों में एक्टिव रही हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म इंटी गुट्टू और रंगूला रत्नम में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी सिनेमा में आने से पहले बतौर युवा अभिनेत्री उन्होंने साल 1969 में 'ऑपरेशन जैकपॉट' की थी, जो कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में एवरग्रीन स्टार रेखा को पहला ब्रेक फिल्म सावन भादो से मिला था, जिसमें उन्होंने चंदा का किरदार अदा किया था। जैसे-जैसे वह अपने कॅरियर में आगे बढ़ती गईं, उनकी फिल्मों के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा होती गई। विनोद मेहरा से लेकर अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ रेखा का नाम जुड़ा। हालांकि, आपको ये जानकर हैरानी होगी की रेखा की मां पुष्पावल्ली मुकेश या अमिताभ बच्चन को नहीं, बल्कि एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर को अपना दामाद बनाना चाहती है। ऐसा हम नहीं, बल्कि 40 साल पुराना पोस्ट बता रहा है।

### इमरान खान संग मिलाई थी कुंडली?

1980 में रेखा बॉलीवुड के शिखर पर बैठी थीं और उनके रोमांस के चर्चे हर किसी की जुबान पर थे।1985 में स्टार रिपोर्ट ने एक खबर छापी थी, जिसमें रेखा और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान के बीच रिश्ते का जिक्र किया गया था। जर्नल ने अपने स्टेटमेंट में ये भी दावा किया था कि रेखा की मां पुष्पावली को लगता था कि उनकी बेटी के लिए इमरान खान से अच्छा मैच कोई नहीं हो सकता। ऐसा बताया गया कि एक्ट्रेस की मां दिल्ली आईं और उन्होंने नजूमी (ज्योतिष) से मुलाकात की। रेखा की मां ये जानना चाहती थीं कि इमरान उनकी बेटी के लिए आइडियल मैच हैं या नहीं। नजूमी ने उनसे क्या कहा ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन एक्ट्रेस की मां को ये क्लियर हो गया कि वह भविष्य में उनके परिवार का हिस्सा जरूर बनेंगे।




### 1980 में हुई थीं स्पॉट?

इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि दोनों के बीच दोस्ती से आगे का रिश्ता था। उस समय पर जिन्होंने रेखा और इमरान को साथ में कभी बीच पर और कभी शूटिंग के सेट पर एक-दूसरे की कम्पनी एन्जॉय करते हुए देखा, जिससे उन्होंने इस बात को मान लिया की वह एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए हैं। उस रिपोर्ट में ये दावा किया गया था कि 1980 के दौर में कई बार रेखा को इमरान खान के साथ घूमते हुए देखा गया है, जिसने उनकी बॉन्डिंग के बीच आग में घी का काम किया और दोनों की शादी की खबरें तेज हो गईं। हालांकि, रेखा या पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कभी भी उड़ रही अफवाहों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# सोनू निगम ने शेयर की बिजुरिया गाने की 26 साल पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी', जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते कुछ दिन पहले फिल्म का 'बिजुरिया' गाना रिलीज हुआ, जो काफी ट्रेंड कर रहा है। यह गाना साल 1999 में सोनू निगम द्वारा पहली बार गाया गया था, अब इसका रीक्रिएशन किया गया है। गायक ने सोशल मीडिया पर पर अपने ओरिजनल सॉन्ग की शूटिंग के दौरान के कुछ खूबसूरत पलों को साझा किया है। जिसमें वह संगीतकार रवि पवार और अन्य लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में सभी काफी मौज-मस्ती के साथ गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। अगर सोनू निगम की बात करें, तो वो काफी मासूम लग रहे हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए गायक ने कैप्शन में लिखा, '26 साल पहले बिजुरिया बनाते समय हमें नहीं पता था कि यह गाना समय की कसौटी पर खरा उतरेगा और कैसे? चिल्लाना, सीटियां बजाना, ऐसी बातें कहना जिनकी पिछली कहानियां केवल हम जानते थे। हंसना, नकल करना, सीखना और सबसे बढ़कर लंबे समय तक चलने वाला संगीत बनाना और क्या-क्या। मेरे प्यारे रवि भाई, तरुण भाई और स्वर्गीय अजय भाई, हमने यह सब इतनी सकारात्मकता और मासूमियत के साथ किया। इतनी खूबसूरत यात्रा के लिए भगवान का शुक्रिया। एक बार फिर बिजुरिया का आनंद लें।'





## रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा का मिलेगा जबरदस्त एंटरटेनमेंट


# इस हफ्ता ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये सीरीज और फिल्में

***नई दिल्ली।** ओटीटी प्रेमियों के लिए सितंबर का यह हफ्ता जबरदस्त एंटरटेनमेंट लेकर आया है। टॉप साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई वेब सीरीज और रोमांटिक-कॉमेडी शो भी इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं।*





**सैयारा** : अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब 12 सितंबर को स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की कहानी वाणी (अनीत) और कृष (अहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस से 329 करोड़ और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 570 करोड़ का कलेक्शन किया था।

**कुली** : सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कुली 400 करोड़ के बजट में बनी और फिर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने 25 दिन में 284 करोड़ का नेट बिजनेस किया। वहीं अब यह फिल्म 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम होगी।



**डू यू वाना पार्टनर** : तमन्ना भाटिया, डायना पेंटी और जावेद जाफरी की यह कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**द गर्लफ्रेंड** : साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज द गर्लफ्रेंड मिशेल फांसेस के उपन्यास पर आधारित है। छह एपिसोड्स वाली ये सीरीज 10 सितंबर से प्राइम वीडियो पर देखी जा रही है।



**द डेड गर्ल्स** : अल्फोंसो हेरेरा, पॉलिना गैटन और जोआक्विन कोसियो स्टारर यह क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 10 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द रॉन्ग पेरिस** : मिरांडा कॉसग्रोव और पियर्सन फोडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 12 सितंबर से नेटफिलक्स पर स्ट्रीम होगी।



**रैम्बो इन लव** : तेलुगू रोमांटिक कॉमेडी सीरीज 'रैम्बो इन लव' एक बदकिस्मत लेकिन, नेकदिल लड़के और उसकी एक्स गर्लफ्रेंड पर आधारित है। ये 12 सितंबर के दिन जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

**टास्क** : 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' के मेकर्स की नई क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज एचबीओ और मैक्स पर रिलीज हो गई है।

**ब्यूटी इन ब्लैक सीजन 2** : ग्लैमर और फैमिली पावर स्ट्रगल पर आधारित इस सफल सीरीज का नया सीजन 11 सितंबर से स्ट्रीम होगा।

## खबर संक्षेप



### सांसद ने उपराष्ट्रपति के लिए किया मतदान

**रायगढ़।** संसदीय क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया ने उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना मतदान किया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में भाग लेकर लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्वहन किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर मत महत्वपूर्ण होता है।

### आपदा प्रबंधन पर हुआ मॉक ड्रिल

**रायगढ़।** नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार नगर सेना कैंप रायगढ़ में पंजीकृत सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए एक दिवसीय जन जागृति प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी बी. कुजूर ने बताया कि मुख्यालय से आए टीओटी प्रशिक्षित अधिनायकों ने वॉलंटियर्स को नागरिक सुरक्षा, हवाई हमले के समय की भूमिका, प्रथमोपचार, आपातकालीन स्थिति में राहत कार्य, होमगार्ड की जिम्मेदारी और सिविल डिफेंस के अंतर्गत आने वाली 12 सेवाओं की जानकारी दी। फायर सर्विस और फायर फाइटिंग के महत्व पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान फायर ट्राएंगल, अग्नि के प्रकार, फायर एक्सटिंग्युइशर के सही उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल कर वॉलंटियर्स को आग बुझाने की विभिन्न विधियों का भी अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में 120 महिला और पुरुष सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ने भाग लिया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस का उत्सव



**कोसीर।** शिक्षक समाज को नई दिशा देने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। वे न केवल बच्चों को ज्ञान देते हैं बल्कि उनके भविष्य को गढ़कर समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। इसी भावना के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर में मंगलवार को शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर शिक्षकों का आशीर्वाद लिया और उन्हें पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस परिवार सारंगढ़ के प्रमुख जितेंद्र कुमार सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

### प्रयास में प्रवेश हेतु चतुर्थ प्रतीक्षा सूची जारी

**रायगढ़।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव, बलरामपुर और बिलासपुर में कक्षा 9वीं सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए चतुर्थ प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट पर जारी कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग का आयोजन 12 और 13 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डु (उरकुरा मार्ग, वीआईपी सिटी कालोनी के सामने, रायपुर) में होगा।

**कार्यालय, सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर (छ.ग.)**

-:: आम सूचना ::-

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर द्वारा दीनदयाल आवास पत्थलगांव, जिला-जशपुर में निर्मित भवन क्रमांक LIG-91 का आबंटन स्व-वित्तीय आधार पर आबंटन आदेश क्रमांक 3150 दिनांक 22.08.2017 के तहत श्री सचिन जिंदल पिता-वेदप्रकाश जिंदल के नाम से आबंटित है। आबंटिती श्री सचिन जिंदल द्वारा भू-खण्ड/भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

दिनांक : 09/09/2025

**सम्पदा अधिकारी**

## एनईएस में भव्य पुस्तक मेले का आयोजन

# पुस्तक मित्र बनाएं, उससे प्रेरणा लेते रहें : सालिक





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ज्ञान और शिक्षा की रोशनी से समाज को दिशा देने वाले पुस्तकों का महत्व सर्वविदित है। इसी क्रम में शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भव्य पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का पर्व साबित हुआ, बल्कि साहित्य प्रेमियों, शोधकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के लिए भी एक अद्वितीय अनुभव लेकर आया।

इस पुस्तक मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि सालिक साय जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुस्तकें मानव जीवन की सबसे बड़ी साथी होती हैं। बदलते समय में जहां डिजिटल माध्यम ने हमारी पढ़ने की आदतों को प्रभावित किया है, वहीं पुस्तक मेला हमें किताबों के महत्व और उनके प्रति प्रेम को फिर से जाग्रत करता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के विकास में शिक्षा का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वे मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में भी पुस्तकों के महत्व को न भूलें। उन्होंने कहा कि एक अच्छी पुस्तक आपके जीवन की दिशा बदल सकती है। इसलिए हमेशा पुस्तक मित्र बनाएं और उससे प्रेरणा लेते रहें। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन एवं आयोजन समिति को पुस्तक मेले के आयोजन के लिए बधाई दिया। पुस्तक मेले में विभिन्न विषयों की हजारों पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। पुस्तक मेले में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन, अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं बनर्जी ब्रदर्स, जशपुर ने अपने पुस्तक स्टॉल लगाए। मेले में स्थानीय लेखकों और कवियों डॉ.विजय कुमार रक्षित, डॉ.राजीव रंजन तिग्गा, अनीता गुप्ता, डॉ.मिथिलेश पाठक, राजेंद्र प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन्होंने अपने प्रकाशित ग्रंथों का प्रदर्शन तथा पाठकों से संवाद किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने साहित्यकारों से पुस्तक लेखन की प्रक्रिया, अध्ययन की आदत और लेखन के अनुशासन पर प्रश्न पूछे। यह संवाद छात्र छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा।

### महाविद्यालय के छात्रों में पुस्तक मेले को लेकर भारी उत्साह

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र ने स्वागत भाषण में कहा कि यह पुस्तक मेला विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और उनके व्यक्तित्व निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन लगातार होते रहेंगे। आयोजन समिति ने कहा कि यह पुस्तक मेला केवल एक शैक्षणिक आयोजन नहीं था, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और साहित्य का उत्सव भी था। इसने छात्र छात्राओं एवं नगरवासियों में अध्ययन के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह जगाया।इस पुस्तक मेले को लेकर छात्र छात्राओं में जबरजस्त अष्टा देखा गया।

### सेमिनार हाल से संबंधित मांग को पूरा करने का आश्वासन

मुख्य अतिथि सालिक साय ने बीएससी की छात्रा मनीषा यादव की सेमिनार हाल से जुड़ी मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम का संचालन प्रो गौतम सूर्यवंशी ने किया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य डॉ.विनय तिवारी, वरुण श्रीवास, डॉ.हरिकेश कुमार, मनोरंजन कुमार, डॉ. अवधेश्वरी भगत, शुभा भगत, अंजीता कुजूर, एलिन एक्का, लाइजन मिंज, नीतेश गुप्ता, विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं सम्मिलित थे। अंत में आयोजन समिति ने बुक स्टॉल संचालकों को विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।



## कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को बाल सुरक्षा की दी गई जानकारी

■ आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह एवं पोषण मेले का आयोजन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गम्हरिया सेक्टर के आंगनबाडी केन्द्र तपकरा (जशपुर) में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उपस्थित माता-पिता एवं बच्चो क व्यक्तिगत स्वच्छता, खानपान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के संबंध में जानकारी देने के साथ नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने है या ऐसी गर्भवती माताएं जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ है उन्हें आधार निर्माण एवं अपडेट करवाने की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार जशपुरनगर में स्थित शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं को कानूनी अधिनियम जैसे घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मानव तस्करी, बाल विवाह रोकथाम, सखी वनस्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन नंबर 181 की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व संरक्षण अधिकारी शिखा शर्मा तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाता व केंद्र प्रशासक उपस्थित रहे।

## सरिता जायसवाल को मिला छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड



**कोसीर।** रायपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सरिता जायसवाल को छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजधानी के वृंदावन सभागृह में वक्ता मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के 11 जिलों की 125 प्रतिभाशाली महिलाओं को यह सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सुमेधा श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पी.के. तिवारी एवं राजकुमार धर द्विवेदी थे। आयोजन का संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने किया। आसनींद गांव की बेटी सरिता जायसवाल पिछले 8-9 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उन्होंने बी.ए. की शिक्षा प्राप्त की है और वे नारी सशक्तिकरण, ग्रामीण अंचलों में सामाजिक जागरूकता और संगठनात्मक गतिविधियों में विशेष योगदान देती रही हैं। उनके कार्यों के चलते उन्हें समाज में एक मजबूत महिला नेतृत्व के रूप में देखा जाता है।

## जिले में नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू के निर्देशानुसार राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय एव तालुका स्तर पर कुनकुरी, पत्थलगांव एवं बगीचा के न्यायिक प्रकरणों के निराकरण हेतु न्यायिक अधिकारियों की खण्डपीठ बनाया गया है। राजस्व न्यायालयों में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा राजस्व मामलें भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, शमनीय मामले, बैंक के वसूली, नगर पालिक निगम, दूरसंचार विभाग, विद्युत विभाग के वसूली योग्य एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को सबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा एवं तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव में संपर्क कर सकते हैं।

## स्टार टीचर अवार्ड से सम्मानित नवाचारी शिक्षक विकास खंड के शिक्षकों को भी कर रहे हैं प्रेरित

**पत्थलगांव जशपुर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ओपन लिंक्स फाऊंडेशन (विनोबा एप) शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। विनोबा भावे ऐप में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए प्रधान पाठक लव कुमार गुप्ता को विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने उपहार देकर सम्मानित किया।





इस संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के शिक्षकों द्वारा किये गए शिक्षकीय कार्य जैसे गणित एवं पर्यावरण क्लब, बोलेगा बचपन, कबाड़ से जुगाड़,नवाजतन, किचन गार्डन, शारीरिक गतिविधि एवं खेल, कला प्रदर्शन एवं नवाचारी गतिविधियों को विनोबा ऐप्प में अपलोड किया जाता है। विनोबा भावे ऐप शिक्षकों के द्वारा किए गए कार्यों को मंच प्रदान करता है, जिसमें शिक्षक किए जा रहे गतिविधियों को अपलोड करते हैं, अपलोडेड गतिविधियों को देखकर अन्य शिक्षक भी प्रेरित होते हैं, गतिविधियों के विश्लेषण के पश्चात उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को प्रत्येक माह जिला एवं विकास खंड स्तर पर चयनित किया जाता है तथा उन्हें प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया जाता है, इसी तारतम्य में नवाचारी प्रधान पाठक लव कुमार गुप्ता को तीसरी दफा स्टार टीचर के रूप में चयनित किया गया है, लव कुमार गुप्ता नवाचारी शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं, उन्होंने विद्यालय को एक नई दिशा दी है,उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारी कार्य सराहनीय है। विनोबा भावे टीम के प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने बताया कि नयी शिक्षा नीति एवं कौशलों को ध्यान में रखते हुए ऐप को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिसमें शिक्षक अपने कार्यों को अपलोड कर सकें और उनके गतिविधियों को अन्य शिक्षक देख सकें तथा अच्छी गतिविधियों को अपने शैक्षणिक कार्य में उपयोग कर सकें। बोलेगा बचपन के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में कविता, कहानी वाचन और बच्चों के आत्मविश्वास स्तर को बढ़ाने का कार्य किया जाता है। प्रत्येक माह इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाता है।

## एकलव्य गुरुकुल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



**चन्द्रपुर।** महानदी के तट पर स्थित माँ चन्द्रहसिनी की पावन धरा में संचालित एकलव्य गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस बच्चों द्वारा बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। बच्चों ने अपने शिक्षकों को फूल और तिलक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। विद्यालय प्रबंधन समिति के डायरेक्टर श्री संतोष देवांगन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हेमंत कुमार देवांगन, विद्यालय के प्राचार्य राजयोग मानिकपुरी गिरधर पटेल, और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर हेमंत कुमार देवांगन ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षक वह दीपक हैं जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को रोशन करते हैं। गुरु ही विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा का दीपक जलाते हैं।

## एनटीपीसी लारा ने सीएसआर पहल के तहत विद्यार्थियों को जूते वितरित किए

**रायगढ़।** सामुदायिक विकास के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत, एनटीपीसी लारा ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत विद्यार्थियों को जूते वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक श्री अनिल कुमार की मुख्य आतिथ्य में 9 सितंबर 2025 को कंदागढ़ मिडिल स्कूल में ग्राम सरपंच, स्कूल स्टाफ, अभिभावकों और एनटीपीसी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।



कंदागढ़, बोडाझरिया और झिलगिटार जैसे आस-पास के गाँवों के प्राथमिक और मिडिल इंग्लिश स्कूलों के छात्रों के बीच कुल 160 जोड़ी जूते वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य वंचित बच्चों को बुनियादी ज़रूरतें प्रदान करके उनका समर्थन करना है, जिससे नियमित स्कूल उपस्थिति को प्रोत्साहित किया जा सके और समग्र स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इस अवसर पर बोलते हुए, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी लारा) श्री अनिल कुमार ने बच्चों के समग्र विकास पर एनटीपीसी के फोकस और अपने आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह की पहल न केवल छात्रों को लाभान्वित करती है बल्कि एनटीपीसी और समुदाय के बीच के बंधन को भी मजबूत करती है। शिक्षकों और अभिभावकों ने इस विचारशील पहल के लिए एनटीपीसी लारा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जो बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने और उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी लारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्रों में कई सीएसआर पहल कर रहा है, जिससे क्षेत्र के सतत और समावेशी विकास में योगदान मिल रहा है।

## इंटर्नशिप कार्यशाला में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**कोतबा।** नगर के पीएम श्री आत्मानंद एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल कोतबा में विगत 5 दिनों से छत्तीसगढ़ शासन एवं निलीट के संयुक्त तत्वाधान में समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत इंटर्नशिप प्रोग्राम चलाया गया।



जिसमें विद्यालय के कक्षा 9 वी व 12वीं तक के 50 छात्र छात्राओं को आधुनिक तकनीक जैसे कि एआईएमएल के बारे में गहराई से बताया जा रहा है , साथ ही इनके बढ़ते प्रयोगों से रूबरू कराया गया , विद्यार्थियों को समझाया जा रहा है कि वह कैसे एआईएमएल का सदुपयोग अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं साथ ही प्रोग्रामिंग के द्वारा एआईएमएल के उपयोग को भी बतलाया जा रहा है। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा इंटर्नशिप में बढ़-चढ़कर रुचि ली और अपनी जागरूकता प्रदर्शित की 5 दीनों का यह कार्यक्रम 13 सितंबर दिन शनिवार तक चलेगा एवं यह प्रशिक्षण निलीट द्वारा प्रशिक्षित सीनियर ट्रेनर रूपेश नायक एवं जूनियर ट्रेनर स्वप्निल पाण्डेय द्वारा दिया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य जय कुमार सिदार अंग्रेजी माध्यम के संचालन प्रभारी दुर्योधन यादव प्रोग्राम प्रभारी मनीष मित्रा और समस्त शिक्षकों के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## पेज 1 के शेष...

### निर्माण कार्यों में ...

करना है। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक कार्य को पूर्ण ईमानदारी से गुणवत्तापूर्ण रूप से सम्पन्न कराया जाए। यदि किसी कार्य में गुणवत्ता को लेकर कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने वर्षा ऋतु के अंत के साथ सभी कार्यों को तीव्र गति से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएमजीएसवाई, डब्लू आरडी, पीडब्लूडी, आरईएस, सीजीएमएससी, हाउसिंग बोर्ड, नगरीय निकायों आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए समाधान करने एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने को कहा। प्रभारी मंत्री चौधरी ने कहा कि शासन जशपुर जिले के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिले में बड़े विकास कार्यों के साथ हमें छोटे विकास कार्यों को भी प्राथमिकता देनी है क्योंकि ये कार्य सीधे ग्रामीण जनता को लाभान्वित कर लोगों में शासन के प्रति विश्वास को प्रबल करते हैं, इन निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन भी सुनिश्चित करना अनिवार्य है। जनप्रतिनिधियों द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे में कुछ ग्रामीणों के रिकॉर्ड में त्रुटि की जानकारी दी गयी, जिस पर उन्होंने तुरंत सुधार करवाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नगरीय निकायों में निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए नगरों का सौंदर्यीकरण करवाने के निर्देश दिए। इस बैठक में सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

### मुफ्त बिजली योजना ...

करती है। इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी बचत होगी, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत 01 से 03 किलोवाट तक रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कर हर महीने 100 से 360 यूनिट तक बिजली उत्पादन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 30 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 15 हजार की सब्सिडी मिलती है। इसी तरह 02 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 60 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी और 03 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 78 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी मिलती है। इस योजना अंतर्गत सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को बैंक के द्वारा 6 प्रतिशत ब्याज दर पर आसान किस्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण की सुविधा दी गई है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता https://pmsuryaghar.gov.in, पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप अथवा टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, इच्छुक उपभोक्ता नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। सौर प्लांट स्थापना हेतु वेंडर का चयन उपभोक्ता स्वयं ऑनलाइन कर सकते हैं।

### कुनकुरी नपं अध्यक्ष ...

और एक आदिवासी, ओबीसी यादव और कुम्हार की जान की कीमत 5 लाख है। अग्रवाल समाज ने इस बयान को सीधी मानहानि करार देते हुए कहा कि यह पोस्ट न केवल समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली है बल्कि जातीय विद्वेष फैलाने और शांति व्यवस्था भंग करने की साजिश है। प्रार्थियों ने स्पष्ट किया कि यह कृत्य बीएनएस की धारा 95 और 106 के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने थाना प्रभारी से विनयशील के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

